# पल पल न्यूज

| Regional News Paper | Edition : New Delhi/ Chandigarh | Circulation: |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 08.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

## सीआईएसएफ ने विश्व पुलिस और फायर खेलों में 64 पदक जीते



**पल पल न्यूजः नई दिल्ली/चंडीगढ़, 7 जुलाई।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने 30 जून से 6 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों 2025 में कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। विश्व पुलिस और फायर खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है, जहाँ दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक एथलीटों ने इन खेलों में भाग लिया। सीआईएसएफ टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार खेल भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की। हरियाणा के जींद जिले के गुरजीत सिंह ने जीत हासिल करके उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने हाई जंप में स्वर्ण, हैमर थ्रो में रजत, डेकाथलॉन में कांस्य, ट्रिपल जंप में कांस्य, पोल वॉल्ट में कांस्य जीता है। कुश्ती में हरियाणा के सीआईएसएफ एथलीटों ने सभी स्वर्ण पदक जीत गौरव बढ़ाया है। एथलेटिक्स में, हरियाणा के हिसार की एएसआई रीनू ने जीत हासिल करके शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 किमी क्रॉस कंट्री में स्वर्ण, 5000 मीटर में स्वर्ण, 10,000 मीटर में स्वर्ण, हाफ मैराथन में स्वर्ण, हाफ मैराथन टीम इवेंट में स्वर्ण, 1500 मीटर में रजत जीता है। सीआईएसएफ निरंतर फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है। विश्व पुलिस एवं फायर खेलों में टीम का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे बल सदस्यों की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।